प्रेस विज्ञप्ति

पीएफ़सी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 का आयोजन

नई दिल्ली; 27.10.2020 : पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिनांक 27 अक्तूबर से 2 नवंबर 2020 तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020" मनाया। इस अवसर पर श्री रविन्द्र सिंह ढिललों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफ़सी ने श्री पी.के.सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) एवं निदेशक (परियोजना) - अतिरिक्त प्रभार एवं श्रीमती प्रमिन्द्र चोपड़ा, निदेशक (वित्त) के साथ "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020" का शुभारंभ करते हुए निगम के सभी कार्मिकों को "सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" दिलाई।

पीएफ़सी की सतर्कता यूनिट कार्मिकों में सतर्कता स्तर को बढ़ाने के लिए **"सतर्क भारत, समृद्ध भारत"** विषय पर कई कार्यक्रम/ कार्यशाला आयोजित कर रही है।